समस्या — खराब नेटवर्क से खुद को ठगा महसूस कर रहे उपभोक्ता

# धनोरा क्षेत्र में रिलायंस जियो नेटवर्क से उपभोक्ता परेशान



नवभारत न्यूज

**धनोरा (जागीर), 19 जून, धनोरा सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में रिलायंस जियो कंपनी के नेटवर्क की बदहाली से उपभोक्ता बेहद त्रस्त हैं। डिजिटल इंडिया के इस दौर में जहाँ कंपनी बड़े-बड़े दावों के साथ 5 जी सेवाएं बेचने में लगी है, वहीं ग्रामीण इलाकों में उपभोक्ताओं को 2त्र की स्पीड मिल रही है। महंगे रिचार्ज कराने के बाद भी इंटरनेट का इस कदर अटक-अटक कर चलना दिमांग में जोर लगाने टेंसन पैदा करने जैसा है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, जियो कंपनी द्वारा स्थानीय रिटेलर्स पर उपभोक्ताओं से मुख्य रूप से 349 या उससे अधिक वाले महंगे 5 जी रिचार्ज करने कहा जाता है। रिटेलर्स के कहने पर और बेहतर इंटरनेट की उम्मीद में ग्रामीण उपभोक्ता अपनी गाढ़ी कमाई खर्च कर यह महंगे रिचार्ज करवा तो रहे हैं, लेकिन मोबाइल स्क्रीन पर 5 जी का सिंबल तो नही लेकिन डेटा रेंग-रेंग कर चल रहा है।

कोई भी डिजिटल काम या वीडियो कॉलिंग करना तो दूर, एक सामान्य वेब पेज खुलने में भी मिनटों का समय लगता है स्थानीय ग्रामीणों और उपभोक्ताओं का कहना है कि इस नेटवर्क सम्बन्धी

समस्या को लेकर कई बार जियो कंपनी के जिम्मेदार अधिकारियों से संपर्क किया गया लेकिन क्षेत्र में समस्या जस की तस बनी हुई है। धनोरा सहित क्षेत्रीय जिओ उपभोक्ताओं ने नेटवर्क समस्या से निजात पाने प्रायवेट कम्पनी रिलायंज जिओ से 5 जी नेटवर्क चालू करने मांग की है।

# मंदिर की अस्थायी समिति का विरोध

## एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



नवभारत न्यूज

**परासिया, 19 जून, खेड़ापति मंदिर में गठित की गई अस्थायी समिति का विरोध करते हुए श्री श्री शिव शक्ति युवा समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अनुविभागीय अधिकारी परासिया के नाम नायाब तहसीलदार श्री राम सूर्य वंशी को ज्ञापन सौंपकर समिति के पुनर्गठन की मांग की है।**

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि मंदिर संचालन के लिए बनाई गई अस्थायी समिति में शामिल किए गए कुछ लोगों का मंदिर के विकास एवं संचालन में कोई योगदान नहीं रहा है। आवेदकों का कहना है कि समिति में शामिल किए गए कुछ सदस्य विवादित प्रवृत्ति के हैं तथा कुछ के विरुद्ध गंभीर धाराओं में प्रकरण भी दर्ज हैं। ऐसे लोगों को समिति में शामिल किया जाना नियम एवं विधि के विरुद्ध बताया गया है।

ज्ञापनकर्ताओं ने एसडीएम से मांग की है कि अस्थायी समिति के गठन की पुनः जांच कराई जाए तथा विवादित एवं आपराधिक छवि वाले लोगों को समिति से हटाया जाए। साथ ही मंदिर के विकास एवं धार्मिक गतिविधियों में योगदान देने वाले निर्विवाद लोगों को समिति में शामिल कर नई समिति का गठन किया जाए।

# दर्जन भर गुंडों ने ट्रक ड्राइवर पर किया हमला

## हॉकी रॉड से की मारपीट, घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती

नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा, 19 जून, उमरानाला चैकी क्षेत्र के सिमरिया में दर्जन भर से अधिक गुंडों ने एक ट्रक ड्राइवर पर हमला कर दिया। इस हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज किया जा रहा है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।**

जानकारी अनुसार गोविंद उइके पेशे से ट्रक ड्राइवर है। वह सालीमेटा का रहने वाला है। बीते दिन वह मुबंई से ट्रक में लोड लेकर छिंदवाड़ा आ रहा था। इस दौरान वह सिमरिया के पास रूका हुआ था। इसी दौरान गोलू के लड़के 20 से 25 गुंडे वहां पहुंच गए। उसे ट्रक से उतारकर खेत के अंदर ले गए। जहां गुंडों ने सिमरिया के ग्राउंड में ले जाकर हॉकी ओर रॉड से मारपीट की। इस हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। हाथ और फैक्चर हो गया है। पीड़ित ने बताया कि पुरानी रंजिस को लेकर मारपीट की गई है। हालांकि इस मामले में पुलिस ने कुछ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# थाली में दिखा स्वाद, पोषण और महिलाओं का हुनर

## पीएम पोषण योजना की कुकिंग प्रतियोगिता में 32 समूहों ने पेश किए लजीज व्यंजन




नवभारत न्यूज

**मोहखेड़, 19 जून, बच्चों के मध्यान्ह भोजन को और अधिक पौष्टिक, स्वादिष्ट एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने की दिशा में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत मोहखेड़ में विकासखंड स्तरीय व्यंजन निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।**

इस आयोजन में विकासखंड के 09 जनशिक्षा केंद्रों से 32 स्व सहायता समूहों की महिलाओं ने भाग लेकर अपने हुनर का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में महिलाओं ने साप्ताहिक मध्यान्ह भोजन मेन्यू के अनुरूप ऐसे व्यंजन तैयार किए, जिनमें स्वाद, पोषण और प्रस्तुतीकरण का अनूठा मेल देखने को मिला। जनपद पंचायत एवं जनपद शिक्षा केंद्र मोहखेड़ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता ने एक बार फिर यह साबित किया कि स्व सहायता समूह केवल भोजन निर्माण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि गुणवत्ता और नवाचार के माध्यम से बच्चों के स्वास्थ्य सुधार में अहम भूमिका निभा रहे हैं। प्रतियोगिता के दौरान तैयार व्यंजनों को निर्णायक मंडल और अतिथियों के सामने प्रस्तुत किया गया, जहां सभी ने भोजन का स्वाद लिया और प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पांढुर्ना विधायक निलेश उइके उनके साथ जनपद पंचायत मोहखेड अध्यक्ष कृष्णा डिगरसे,जिला पंचायत सदस्य ललिता घोंघे,पूर्व जिला पंचायत सदस्य मदन साहू,भाजपा मंडल मोहखेड पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष सुदामा डोबले,सीईओ डीके करपे, बीएसी अरविंद मनोज कोलारे,मीड डे मिल प्रभारी सुखदेव उइके, सहायक संचालक सुश्री दिव्या यादव, बीईओ वामनराव खापरे, सहित कई जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की उपस्थिति रही। अतिथियों ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं समूहों में बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देती हैं और बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण भोजन सुनिश्चित करने में सहायक होती हैं।

# ग्रामीण ने आसरा केन्द्र पहुंचकर बताई समस्या



नवभारत न्यूज

**अमरवाड़ा, 19 जून, गुरुवार दोपहर ग्राम कुदवारी निवासी शिवप्रसाद ने आसरा केंद्र पहुंच कर आसरा केंद्र संचालक को अपनी समस्या से अवगत कराया और मदद की गुहार लगाई।**

उन्होंने बताया विगत वर्ष उन्हें लकवा की शिकायत हुई जिसके कारण उनका एक अंग काम करने में सक्षम नहीं है जिसके कारण उन्हें चलने एवं अन्य दैनिक गतिविधि में बहुत समस्या का सामना करना पड़ रहा है। आसरा केंद्र संचालक मुकेश कुमार मालवीय ने तत्काल विधिक कार्रवाई करते हुए उनके दस्तावेज का सत्यापन किया और निशुल्क सहायक कृत्रिम उपकरण व्हीलचेयर, छड़ी एवं 2 घुटने का बेल्ट उपलब्ध कराया। उपकरण प्राप्त कर शिवप्रसाद ने आसरा केंद्र संचालक को बताया की इन उपकरणों से दैनिक गतिविधि में सुविधा होगी।

# जैन समाज ने मनाया श्रुत पंचमी महोत्सव



नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा, 19 जून, जेष्ठ शुक्ल पंचमी शुक्रवार के शुभ दिन सकल जैन समाज के साथ श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के जिनवाणी तत्वरसिक जिनशासन सेवकों ने विविध अनुष्ठानों के साथ भक्ति भाव पूर्वक मां जिनवाणी की आराधना का महापर्व श्रुत पंचमी महोत्सव मनाया।**

फेडरेशन सचिव दीपक राज जैन ने बताया कि मंगलमय प्रसंग पर प्रातःकाल की मंगल बेला में अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जिनालय में बड़ी संख्या में श्रावक - श्राविकाओं ने श्रुत पंचमी विधान किया ओर मां जिनवाणी सहित दिगंबर महामुनिराजों की मंगल आराधना कर जिनवाणी चल समारोह निकाला।

जिसमें जिनशासन सेवक सौभाग्यशाली परिवारों ने बहुत ही श्रद्धा एवं भक्ति भाव पूर्वक रजत विमान में मां जिनवाणी को विराजमान किया ओर मंगलगान के साथ नगर का भ्रमण कर जिनशासन की मंगल प्रभावना की। इस अवसर बाएं ओर चंबर डोरने का सौभाग्य आदेश जैन परिवार एवं दाएं ओर चंबर डोरने का सौभाग्य दिनेश जैन परिवार को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर जगह जगह समाज बंधुओं द्वारा मां जिनवाणी की आरती की गई ओर सभी ने चल समारोह का आत्मीय अभिनंदन कर श्रुत पंचमी की मंगलकारी शुभकामनाएं दीं।

# सिरकुही शासकीय मिडिल स्कूल में रंगमंच निर्माण का भूमिपूजन संपन्न



नवभारत न्यूज

**सिरकुही, 19 जून, ग्राम सिरकुही स्थित शासकीय मिडिल स्कूल परिसर में सांसद निधि से स्वीकृत एक लाख रुपये की लागत से बनने वाले रंगमंच का भूमिपूजन कार्यक्रम विधिवत रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पूजा-अर्चना के साथ निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया।**

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष घनश्याम कड़वे, जिला पंचायत सदस्य विलास घोंघे, बूथ अध्यक्ष कपूरचंद साहू,पंचायत सचिव महेश पवार,सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों ने कहा कि रंगमंच निर्माण से विद्यालय में सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी तथा विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने का बेहतर अवसर प्राप्त होगा। ग्रामीणों ने इस विकास कार्य के लिए जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

# जलवायु अनुकूलन कार्यशाला का आयोजन




नवभारत न्यूज

**बिछुआ, 19 जून, जनपद पंचायत बिछुआ के सभाकक्ष में जलवायु अनुकूलन कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि गौरव तिवारी सीईओ जनपद पंचायत बिछुआ, एपीओ धर्मेंद्र मालवीय, वरिष्ठ कृषि अधिकारी अरविंद जावरे, स्मिता पाटिल, ब्लॉक अधिकारी आत्मा परियोजना एवं जमस निदेशक महेंद्र खरे, एनआरएलएम से कैलाश मानमोड़े, महेश कुमार भारती, समग्र सुरक्षा अधिकारी, आदि उपस्थित थे।**

कार्यशाला में अरविंद जावरे ,महेश भारती, महेंद्र खरे ने अपने विचार जीपीडीपी,जलवायु अनुकूल ग्राम ,समग्र ग्राम विकास की अवधारणा किस प्रकार ग्राम वासी, सामाजिक संस्थाये और ग्रामीण सरकारी विभाग मिलकर कर सकते है इस पर अपना विचार व्यक्त किया एवम वर्तमान की आवश्यकता आत्मनिर्भर गांव, आत्मनिर्भर पंचायत की और कदम बढ़ाने पर जोर दिया. जलवायु अनुकूलन ग्राम विकास को लेकर जमस द्वारा उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है, वर्तमान समय में वातावरण तेजी से परिवर्तित हो रहा है जिसका असर जनजीवन व कृषि कार्य पर पड़ रहा है। संस्था द्वारा आत्मनिर्भर गांव आत्मनिर्भर पंचायत की दिशा में किये जा रहे कार्यो पर परियोजना समन्वयक वाकिफ खान द्वारा जानकारी दी गयी है तथा संस्था जलवायु परिवर्तन की दिशा में कार्य किया जा रहे हैं इस कार्यशाला में बिछुआ ब्लॉक के ग्राम पंचायत के सचिव ग्राम पंचायतों के सरपंच, सात्त सदस्य ,जलवायु मित्र, किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे ।

# राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय में मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन



नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा, 19 जून, मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे की मंशानुसार राजीव भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय में नेता विपक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया।**

केक काटकर उनके स्वास्थ्य व दीर्घायु जीवन की कामना की गई। आयोजित कार्यक्रम में स्नेह सरेयाम, रेणु सरेयाम, देशलाल धुर्वे, संजय परतेती, पूनम उइके, कपिल मिश्रा, संदीप तिवारी, आकाश साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# हर्रई में कुक कम हेल्पर कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

## उत्कृष्ट व्यंजन बनाने वाली सहायिकाओं को किया गया सम्मानित



नवभारत न्यूज

**हर्रई, 19 जून, विकासखंड स्तरीय पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत कुक कम हेल्पर हेतु कुकिंग कॉम्पटीशन का आयोजन शासकीय माध्यमिक विद्यालय हर्रई में किया गया। प्रतियोगिता में विकासखंड के 25 स्कूलों की कुक कम हेल्पर सहायिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।**

प्रतियोगिता के दौरान सहायिकाओं द्वारा स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन तैयार कर प्रस्तुत किया गया। निर्णायक समिति द्वारा व्यंजनों का मूल्यांकन किया गया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली सहायिकाओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में प्रथम विजेता को 5000 रुपये, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 3000 रुपये, तृतीय स्थान पर 2000 रुपये एवं चतुर्थ स्थान पर रहने वाले को 1000 रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। अन्य प्रतिभागियों को भी सांत्वना पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर पूर्व महामंत्री भाजपा मनोज नेमा, मंडल अध्यक्ष रामनारायण धुर्वे, चंदन पटेल मंडल उपाध्यक्ष, पिछड़ा वर्ग मंडल उपाध्यक्ष शंभूदयाल राय सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत हर्रई की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्रोत समन्वयक, विद्यालय के प्राचार्य सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में मध्यान्ह भोजन प्रभारी केलाश मर्सकोले, समस्त जनशिक्षक एवं कार्यालय स्टाफ का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

# निगम अमले ने करबला चौक और बड़ा तालाब क्षेत्र से हटाया अतिक्रमण

नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा, 19 जून, आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए नगर पालिक निगम प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। शांति समिति की बैठक में दिए गए निर्देशों के परिपालन में, निगम आयुक्त सीपी राय के आदेशानुसार आज शहर के विभिन्न संवेदनशील और प्रमुख मार्गों से अतिक्रमण हटाने की विशेष कार्रवाई की गई।**

मोहर्रम पर्व के मुख्य मार्गों और आयोजन स्थलों को बाधारहित बनाने के लिए आज निगम की टीम द्वारा राज टॉकीज, करबला चैक एवं बड़ा तालाब के आसपास के क्षेत्रों का सघन निरीक्षण किया गया। इस दौरान सड़कों और वीथिकाओं को घेरकर दीवारों के सहारे लगाई गई बांस-बल्लियों व अन्य अस्थाई अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई की गई।निगम प्रशासन द्वारा क्षेत्र में बाकायदा अनाउंसमेंट कराकर आम नागरिकों और दुकानदारों को सूचित किया गया। उन्हें समझाइश दी गई कि मोहर्रम पर्व के मद्देनजर कानून व यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए वे पर्व से पूर्व स्वयं ही अपना-अपना अतिक्रमण हटा लें, ताकि बाद में किसी अप्रिय कार्रवाई की स्थिति निर्मित न हो।

### ओवरब्रिज के नीचे यातायात कराया सुगम

इसके अतिरिक्त, नर्सिंगपुर रोड ओवरब्रिज के नीचे मुख्य सड़क पर पैर पसार रहे फल एवं अन्य फुटकर दुकानदारों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। सड़क पर बेतरतीब ढंग से दुकान लगाने वाले इन विक्रेताओं का अतिक्रमण हटाकर, उन्हें निर्धारित और व्यवस्थित स्थानों पर शिफ्ट कराया गया, जिससे मार्ग पर यातायात सुगम हो सके। निगम प्रशासन ने साफ किया है कि पर्व के दौरान शहर की स्वच्छता और यातायात व्यवस्था में बाधा डालने वालों पर आगे भी लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

अपराध — धनोरा में फिर शर्मसार हुई इंसानियत, तीन अन्य आरोपी फरार

# मृत गाय का मांस काटकर खाने वाला एक गिरफ्तार



नवभारत न्यूज

**धनोरा (जागीर), 19 जून, सनातन धर्म में पूजे जाने वाली गाय को लेकर धनोरा के आदिवासी अंचलों से लगातार दिल दहलाने वाली खबरें सामने आ रही हैं। बटकाखापा पुलिस चौकी के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत भालपानी में गोवंश क्रूरता का एक घिनौना मामला प्रकाश में आया है, जहां कुछ ग्रामीणों ने मिलकर एक मृत गाय का मांस काटकर खा लिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को मृत गाय के सिर के साथ दबोच लिया है।**

धनोरा पुलिस चौकी से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम भालपानी निवासी छिदामी इनवाती की गाय गांव के ही एक विद्युत ट्रांसफार्मर के पास चर रही थी। इसी दौरान ट्रांसफार्मर के नीचे लगे अर्थिंग के करंट की चपेट में आने से गाय की मौत हो गई। मालिक छिदामी ने मृत गाय को गांव के पास स्थित नदी के किनारे फेंक दिया था।

गाय की मौत की खबर मिलते ही गांव के ही कुछ असामाजिक तत्वों की नीयत डोल गई। आरोपी बिशनलाल धुर्वे 58 वर्ष, संजय मरावी 40 वर्ष, सीताराम धुर्वे 35 वर्ष और टिल्ली उईके, भानु इनवाती व गुड्डू इनवाती ने मिलकर नदी किनारे फेंकी गई मृत गाय के मांस को काट लिया और उसे पकाकर खा गए। जब गाय मालिक छिदामी को इस अमानवीय कृत्य की भनक लगी, तब तुरंत धनोरा पुलिस चौकी में मामले की सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई बटकाखापा थाना प्रभारी अनिल राठौड़ के निर्देशन में धनोरा चौकी के प्रधान आरक्षक हितेश शर्मा और आरक्षक सच्चिदानंद बघेल ने तुरंत ग्राम भालपानी में दबिश दी। पुलिस ने घेराबंदी कर मुख्य आरोपी बिशनलाल धुर्वे को धर दबोचा। तलाशी के दौरान आरोपी बिशनलाल के पास से मृत गाय का कटा हुआ सिर बरामद हुआ

पुलिस की भनक लगते ही घटना में शामिल अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। धनोरा पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ गोवंश पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 4, 6, और 9 के तहत मामला पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से फरार आरोपियों को जल्द से जल्द पकड़ने और कड़ी सजा देने की मांग की है।

## आबकारी और पुलिस ने 25 लीटर कच्ची शराब की जब्त

**छिंदवाड़ा.** आबकारी वृत चौरई के अंतर्गत ग्राम आमाझिरी, सिरेगांव एवं बंधीढाना में आबकारी एवं पुलिस बल द्वारा संयुक्त रूप से दबिश कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के अंतर्गत कुल 03 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। इस दौरान 25 बल्क लीटर हाथ भट्टी मदिरा तथा 1260 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया। इस कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी जी.एल. मरावी एवं राजेश सिंघल सहित आबकारी आरक्षक राजकुमार यदुवंशी, जितेंद्र धुर्वे, राजकुमार सैयाम तथा सुश्री भारती मरकाम उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त थाना चौरई का पुलिस अमला भी कार्रवाई में शामिल था।


## न्यायालय तहसीलदार बिछुआ जिला छिंदवाड़ा म0प्र0

// ईश्तहार//

रा0प्र0क्र0-00 /अ-19(3)/2025-26

मौजा- सुरंगी प0ह0नं0 37

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि तहसील बिछुआ अन्तर्गत मौजा सुरंगी प.ह.न. 37 रा.नि.मं. मोया तहसील बिछुआ जिला छिन्दवाडा स्थित भूमि ख0न0 193 रकबा 1.173 हे0 में से रकबा 0.500 है. भूमि पर 33 के.व्ही. /11 के.व्ही के सब स्टेशन निर्माण हेतु चिन्हित भूमि का हस्तांतरण हेतु श्रीमान कलेक्टर महोदय छिन्दवाडा से प्रकरण प्राप्त हुआ है। उक्त भूमि ख0न0 193 रकबा 1.173 हे0 में से रकबा 0.500 हे. भूमि पर सब स्टेशन निर्माण किया जाना है। उक्त भूखण्ड के संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है । उक्त भूमि पर 33 के. व्ही/11 के.व्ही के सब स्टेशन निर्माण किये जानें में यदि किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे निश्चित दिनांक को या तो स्वयं, किसी अभिभाषक अथवा प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित हो तथा आवंटन में कोई आपत्ति हो तो वह न्यायालय तहसीलदार बिछुआ में दिनांक 22/06/2026 तक अपना दावा आपत्ति पेश कर सकते है।

आज दिनांक 04/06/2026 को मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा हस्ताक्षर के अधीन जारी किया गया ।

पेशी दिनांक - 22/06/2026
जारी दिनांक 04/06/2026

तहसीलदार
बिछुआ, जिला छिंदवाड़ा